21.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ राज्य निर्वाचन विभाग ने एस.आई.आर. के बाद प्रदेश के 199 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया।

○ सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने विधि विद्यार्थियों से किताबी ज्ञान को न्याय, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ने की अपील की।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

○ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आज नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर–88 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया।

000

राज्य निर्वाचन विभाग ने एस.आई.आर के बाद प्रदेश के 199 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। इसके अनुसार अब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 15 लाख 19 हजार 929 हो गई है। इसमें 2 करोड़ 69 लाख से अधिक पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 45 लाख से महिला वोटर और 562 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद कुल मतदाताओं की संख्या में दो दशमलव शून्य–आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जयपुर जिले में सर्वाधिक तीन दशमलव चार–पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सूचियों के अंतिम प्रकाशन में लिंगानुपात भी 909 से बढ़कर 911 हो गया। आज सभी जिलों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें मतदाता सूचियों की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि वोटर्स अभी भी मतदाता सूचियों में बदलाव करवा सकते हैं।

अंता विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 मार्च को किया जाएगा।

000

सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि विधि शिक्षा का उद्देश्य केवल कानून का किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि इसे न्याय, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ना अनिवार्य है। जोधपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का आज दीक्षांत समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक सिद्धांतों को अपने जीवन और पेशे का आधार बनाएं। उन्होंने बदलती तकनीक के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल साक्ष्यों के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को लगातार सीखने की सलाह दी। इस अवसर पर स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को उपाधियां और मेधावी विद्यार्थियों को पदक दिए गए। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

000

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान द्वारा एआई के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासो को भारत की समग्र डिजिटल रणनीति के अनुरूप बताया है। श्री वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान राजस्थान पवेलियन का दौरा करते हुए कहा कि नागरिक–केंद्रित सेवाओं का डिजिटाइजेशन और शासन में एआई का उपयोग समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे एआई आधारित नवाचारों की सराहना की। राजस्थान

पवेलियन में लगभग 20 स्टॉल्स के माध्यम से राज्य में तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में हो रहे सुधारों को प्रदर्शित किया गया है।

000

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आज नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया गया है। कुल 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसका समर्थन किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह घोषणा पत्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के सिद्धांत से प्रेरित इस घोषणापत्र में एआई के लाभ मानवता के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाने पर बल दिया गया है। इसमें इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तीन सूत्रों जन, पृथ्वी और प्रगति के लिए निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल एप और एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। इन नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों में सहयोग, सुधारित बहुपक्षवाद, वैश्विक शासन और वैश्विक दक्षिण से संबंधित मुद्दों सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में भारत–ब्राजील संबंध मजबूत हुए हैं। श्री मोदी ने ब्राजील को लैटिन अमरीका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई गई है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के बकाया आवेदनों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं। श्री गहलोत ने अधिकारियों से कहा कि वे आवेदन पत्रों में रही कमियों को पूरा कर इन्हें जिला कार्यालयों को भेजें। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ समय पर मिलना चाहिए। मंत्री ने शिक्षण संस्थानों को भी आवेदनों की जांच के बाद ही उन्हें आगे भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि फर्जी आवेदन भेजने वाले संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उन्हें पोर्टल पर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

000

अजमेर के राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रोफेसर आनंद भालेराव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करने वाला राष्ट्र कभी पराजित नहीं होता। उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज ने जनमानस में स्वाभिमान और स्वराज के प्रति जागरूकता पैदा की। इस अवसर पर परिसर में शौर्य रैली निकाली गई और विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

000

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स–एएनटीएफ ने बालोतरा जिले के सिवाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब सवा करोड़ रुपये की अफीम की अवैध खेती पकड़ी है। पुलिस ने 'ऑपरेशन शस्यविषम' के तहत कार्रवाई करते हुए एक खेत से दो हजार चार सौ से अधिक अफीम के पौधे बरामद किए हैं और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि आरोपी ने सब्जियों और अन्य फसलों के बीच पर्दे की आड़ में यह अवैध खेती छिपा रखी थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने इंटरनेट के माध्यम से अफीम उगाने का तरीका सीखा था। उन्होंने युवाओं से नशे का कारोबार और नशाखोरी से दूर रहने का आह्वान किया है।

000

उधर, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने भी चित्तौड़गढ़ और नीमच में तीन कार्यवाहियों के दौरान दस किलो अफीम और सौ किलो डोडा चूरा जब्त किया है। ब्यूरो के अनुसार इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई उदयपुर–चित्तौड़गढ़ हाईवे, जावद और निम्बाहेड़ा मार्ग पर की गई। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विभाग का अभियान जारी है।

000

प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही सर्दी का असर कमजोर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप के कारण तापमान बढने से हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। बीते 24 घंटों में बाडमेर में अधिकतम तापमान 33 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा जोधपुर, फलौदी, जैसलमेर और पाली में भी दिन का पारा 31 डिग्री सेल्सियस के ऊपर मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी होने के आसार है। राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा।

000